कार्यालय नगर निगम जयपुर,हैरिटेज

(हैरिटेज मुख्यालय भवन बडी चौपड़ हवामहल के पीछे जयपुर–01)

हैरिटेज क्रमांक : –एफ 0/आयुक्त (सा.प्र.)/ननिज (है)/199 दिनांक : 24-09-2021

समस्त जोन उपायुक्त,
उपायुक्त राजस्व/आयोजना
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

विषयः— प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के तहत अभियान पूर्व तैयारी के सम्बन्ध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राज्य सरकार के द्वारा राज्य के सभी नगरीय क्षेत्रों में प्रशासन शहरों के संग अभियान 02 अक्टुबर से चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। इसकी निरन्तरता में पूर्व तैयारी शिविर दिनांक 15.09.2021 से 30.09.2021 तक नगर निगम हैरिटेज मुख्यालय व जोन स्तर पर वार्ड वाईज आयोजित किये जा रहे है। इस सम्बन्ध में पूर्व तैयारी शिविरों में जोन स्तर व मुख्यालय स्तर पर लगने वाले शिविरों में आवयश्यक व्यवस्था की जानी है। शिविर में कम से कम दो लिपिक, दो ऑपरेटर, नगर मित्र, ई–मित्र व स्टाम्प वेन्डर की व्यवस्था होनी चाहिए तथा इनकी सूचना का 2x2 का बेनर प्रत्येक कैम्प स्तर पर लगाया जावें जिसमें सम्बन्धित कर्मचारियों के नाम व मोबाईल नम्बर अंकित हों। शिविर स्थल सभी प्रकार के पट्टों की चैक लिस्ट तथा जोन में लगाये गये नगर मित्रों की सूची उपलब्ध होनी चाहिये। कैम्प में किसी भी आमजन को अनावश्यक रुप से इधर उधर न भटकाया जावे उसके तथ्यों को पूर्ण रुप से समझकर ही सही ढंग से समझाया जावे। जोन कार्यालय के बाहर स्थित होर्डिंग पर व अन्य प्रमुख स्थानों पर प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के विज्ञापन लगाये जावें। कैम्प में प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आवेदनों की सूचना नोडल अधिकारी को सांयः 5:00 बजे तक प्रेषित करेंगे। अभियान शिविर में सभी व्यवस्थाऐं विभागीय दिशा निर्देशानुसार सुनिश्चित की जावेंगी।

(अवधेश मीना)
IAS
आयुक्त
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

प्रतिलिपिः—

1. अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम जयपुर हैरिटेज
2. उपायुक्त मुख्यालय, नगर निगम जयपुर हैरिटेज
3. उपायुक्त राजस्व–प्रथम–द्वितीय/आयोजना प्रथम–द्वितीय/NULM नगर निगम जयपुर हैरिटेज
4. अति. मुख्य नगर नियोजक, सहायक नगर नियोजक, नगर निगम, जयपुर हैरिटेज।
5. समस्त राजस्व अधिकारी, नगर निगम, जयपुर हैरिटेज।
6. प्रोग्रामर, नगर निगम, जयपुर हैरिटेज।
7. सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी........................
8. गार्ड फाईल।

आयुक्त
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

D:Letter P.S.K.S.2021

Scanned with CamScanner